तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



ब्लैक स्पॉट मोड़ एवं संकेतक स्थलों का संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

4




## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ के नव-नियुक्त मनोनीत पदाधिकारियों की सूची जारी

**सक्ती।** जिला साहू संघ सक्ती द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष प्रकाश साहू ने नव-नियुक्त मनोनीत पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लिए संयोजकों की नियुक्ति की गई है जिसमें न्याय प्रकोष्ठ राम नरेश साहू, किसान प्रकोष्ठ खम्हन साहू, महिला प्रकोष्ठ श्रीमती तुलसी साहू, युवा प्रकोष्ठ राकेश साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ पवन कुमार साहू, सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ कोटेश्वर साहू, साहित्य एवं सूजन प्रकोष्ठ भगत राम साहू, विधि प्रकोष्ठ पुरुषोत्तम साहू अधिवक्ता, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ भूपेंद्र साहू, आईटी सेल प्रकोष्ठ सुशील साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि समाज द्वारा आयोजित बैठकों एवं कार्यक्रमों में उनकी नियमित उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती से अनाचार करने वाले आरोपी को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की इंस्टाग्राम पर वर्ष 2022 में अनिकेत तांडे उम्र 20 वर्ष निवासी सोनादुला से पहचान हुई थी। इसी दौरान पीड़िता के घर पहुंचा और परिजनों को खुद को एचडीएफसी बैंककर्मी बताकर शादी का प्रस्ताव रखा, और शादी का झांसा देकर उसने पीड़िता के साथ अनाचार किया। पीड़िता की शिकायत पर थाना मुलमुला में धारा 64(2)(एम), 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई। पुलिस ने आरोपी अनिकेत तांडे को हीरापुर (रायपुर) से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक पारस पटेल व स्टाफ का योगदान रहा।

2 लाख 79 हजार महिलाओं का बैंक खाता होना है अपग्रेड

# महतारी वंदन : केवाईसी अपडेट कराने तपती दोपहरी में मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत लाभ पानी वाली महिलाओं का ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में तपती दोपहरी में ई-केवायसी कराने महिलाओं की भीड़ जुट रही है। सुबह से शाम तक बैंक और च्वाईस सेंटरों में मशक्कत शुरु हो गई है।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत निर्धारित पात्रता रखने वाली जिले की 2 लाख 91 हजार महिलाओं को पात्रता के अनुसार हर महीने 1 हजार एवं सालाना 12 हजार रुपए की राशि शासन के द्वारा उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। इस राशि के माध्यम से महिलाएं अपने जरूरत की सामानों की खरीदी कर सके इसके लिए उनके बैंक खातों का ई केवाईसी अपडेट करना जरूरी है। राज्य शासन की आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से 30 जून के बीच बैंक खातों के ई केवाईसी का काम कराया जाना है। इसे लेकर महिलाओं की नजर आ रही है। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ोदा, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक देना बैंक बैंक ऑफ़ इंडिया बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र समेत छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में भी ई केवाईसी अपडेट करने को लेकर महिलाओं की बैंकों में लंबी लाइन नजर आ रही है, जहां महिलाएं महतारी बंधन योजना के तहत ई केवाईसी करने सुबह से पहुंच गए थे। योजना के तहत ई केवाईसी करने के लिए बैंक का आधार कार्ड बैंक खाता नंबर एवं जरूरत के हिसाब से राशन कार्ड भी मांगे जा रहे हैं ताकि योजना के तहत महिलाएं ई केवाईसी कर सके। योजना के तहत 23 से 60 वर्ष तक की महिलाओं को इसका लाभ दिया जा रहा है।



बैंक के सामने जुटी महिलाओं की भीड़।

### सर्वर डाउन की समस्या ने बढ़ाई परेशानी

जिले के कई बैंकों में आए दिन सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण खाताधारकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खातों का ईकेवाईसी जरूरी हो गया है, जिसके कारण महिलाएं बैंक पहुंचकर खाता अपडेट कर रहे हैं वही सर्वर डाउन की समस्या के कारण महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो ई केवाईसी के पूर्व फॉर्म भरकर उसे जमा करना रहता है। इसके बाद संबंधित कर्मचारी बैंक खातों का ई केवाईसी करते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी जिम्मेदारी

ई-केवायसी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है जो महिलाओं को इस बारे में जानकारी देने का काम रही है। बताया जाता है कि जांजगीर-चांपा जिले के 2 लाख 91 हजार से अधिक महिलाओं को पात्रता के अनुसार महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनमें से पहले चरण के तहत महज 12 हजार महिलाओ के बैंक खातो का ई-केवायसी अपडेट हो पाया है, जबकि अभी 2 लाख 79 हजार से अधिक महिलाओ के खातो का ईकेवायसी करना बाकी है। इधर शासन के द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओ के लिए ईकेवायसी अपडेट अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके कारण बैंकों में ई-केवायसी कराने महिलाओं की भीड नजर आ रही है।

### जरूरी है ई केवाईसी

महतारी वंदन योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओं के बैंक खातों का ई केवाईसी करना जरूरी है। इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आदेशित किया गया है।

-श्रीमती अनीता अग्रवाल,
महिला एवं बाल विकास अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# रेत के अवैध कारोबार पर शिकंजा थोक में पकड़ी गाड़ियां, मशीनें सील

## प्रशासन के निर्देश पर विभाग ने छेड़ी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के साथ भंडारण पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन के निर्देशन में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज के अवैध परिवहन, भण्डारण, उत्खनन औचक जांच किया गया और थोक में ट्रैक्टर, हाइवा और ट्रीपर पकड़े गए। इस दौरान कुछ बड़ी मशीनों को मौके पर सील भी किया गया।

प्रशासन के दिशा निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात बलौदा विकासखंड के ग्राम केराकछार में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7 ट्रैक्टर, 2 टीपर एवं 1 हाईवा को जब्त कर पंतोरा चौकी के सुपुर्द किया। इसके साथ ही 2 टीपर को मौके पर ही नोटिस चस्पा कर सील किया गया। इसी क्रम में चांपा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 1 ट्रैक्टर को जब्त कर चांपा थाना के सुपुर्द किया गया। हथनेवरा में जांच के दौरान 4 हाईवा जब्त किए गए, वहीं ग्राम पिपरदा में भी मौके पर 4 हाईवा जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त अवैध रेत परिवहन में संलिप्त पाए गए 3 हाईवा को जब्त कर पुलिस लाइन खोखरा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज के अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरणों पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।





छापेमारी कर वाहनों की जब्ती करती संयुक्त टीम।



बैंक में सुरक्षा की जांच करती पुलिस की टीम।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखने पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान बैंकों में जाकर सुरक्षा उपायों की पड़ताल की गई। बैंकों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे सतत चालू रखने, बैंक अलार्म सिस्टम को सक्रिय स्थिति में रखने निर्देश दिया गया।

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त बैंकों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीमों ने बैंक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैंक परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे सतत चालू रखने, बैंक अलार्म सिस्टम को सक्रिय स्थिति में रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर लगातार निगरानी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन को यह भी समझाइश दी कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बीते रात्रि 3 बजे आरोपी शांति लाल कटकवार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिलादेही द्वारा ग्राम गतवा निवासी संतोष साहू के पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान से होते हुये संतोष साहू के घर का छत में लगा दरवाजा मे लगा ताला को आरी-ब्लेड से काटकर घर के भीतर प्रवेश किया। इसके बाद संतोष पर प्राण घातक हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, गंड़ाशा, धारदार नुकीला बिन्हा, ट्रेक्टर के लोहे की नांगर पट्टी को जब्त किया गया।

# खाद दुकान व गोदाम में छापेमारी कर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ कालाबाजारी को रोकने औचक निरीक्षण कर की जा रही कार्रवाई

उर्वरक की कालाबाजारी को रोकने प्रशासन की टीम मुस्तैद हो गई है। औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एक गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं एक अन्य दुकान संचालक पर कार्रवाई करते हुए 21 दिनों के लिए विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया।

विकासखण्ड डभरा अंतर्गत ग्राम साराडीह के मेसर्स कोमल प्रसाद जायसवाल का औचक निरीक्षण में उर्वरक व्यापार से संबंधित प्राधिकार पत्र में स्रोत प्रमाण पत्र (फार्म ओ) जुडवाये बिना उर्वरक का व्यापार करना पाया गया। स्टॉक पंजी निर्धारित प्रारूप में संधारित नही होना पाया गया। कैश व केडिट मेमो निर्धारित प्रारूप में जारी नही एवं क्रेता का हस्ताक्षर नही होना पाया गया, और स्टाक प्रदर्शन बोर्ड अद्यतन नही होना पाया गया, जो कि उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके फलस्वरूप गोदाम में भंडारित रासायनिक उर्वरक यथा यूरिया 69 बोरी, जिंकेटेड सिंगल सुपरफास्फेट पावडर 242 बोरी, जिंकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट दानेदार 104 बोरी, डीएपी 38 बोरी का अवैध रूप से भंडारण पाया गया। उक्त उर्वरकों को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों में गंभीर उल्लंघन होने के कारण उक्त दर्शित उर्वरकों को जब्त कर गोदाम को सीलकर संबंधित फर्म के प्रतिनिधि की अभिरक्षा में सुपुर्द कर संबंधित को स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसी क्रम में ग्राम सुखदा के मेसर्स नमन टैंडर्स में भी अनियमितता पाये जाने के कारण 21 दिवस के लिए तत्काल विक्रय प्रतिबंध लगाया।



दुकान में निरीक्षण कर जांच करती टीम।

### ग्रामीण बैंक का प्रिंटर खराब, उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बिर्रा।** चांपा रोड में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिर्रा का प्रिंटर कई दिनों से खराब पड़ा है। ऐसे में खाता धारकों को खाता में प्रिंट करवाने एवं नई पासबुक बनवाने और नया खाता खुलवाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी बैंक प्रबंधन द्वारा खराब प्रिंटर को बनवाने ध्यान नहीं दिया जा रहा। बैंक के ग्राहक जब पासबुक प्रिंट कराने पहुंचते है तो कर्मचारियों द्वारा प्रिंटर खराब होने का हवाला दिया जाता है। ऐसे में बैंक के कर्मचारियों के साथ ग्राहकों की कहासुनी हो रही है। इधर बैंक प्रबंधक मंगल बीपी का कहना है कि खराब प्रिंटर को शीघ्र ही बनवाकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

### सिवनी केन्द्र में 274 क्विंटल धान का उठाव शेष, नोटिस जारी

**बहेराडीह।** धान उपार्जन केंद्र सिवनी में अब तक 274 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका है। धान के परिदान के लिए उपआयुक्त ने नोटिस जारी किया है। तीन दिन के भीतर धान का उठाव कराने निर्देशित किया गया। धान उपार्जन केंद्र सिवनी में 274 क्विंटल धान की हेराफेरी अर्थात परिदान हेतू शेष के मामले में सहकारिता जांजगीर के उप आयुक्त ने धान उपार्जन केंद्र सिवनी के कंप्यूटर आपरेटर को नोटिस थमाया है। 6 अप्रैल को जारी नोटिस में बताया गया कि बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिवनी के धान उपार्जन केंद्र में खरीफ विपरण वर्ष 2025-26 में कुल 54266 क्विंटल धान उपार्जित किया गया है। जिसमें से 53992 क्विंटल धान परिदान पश्चात 274 क्विंटल धान परिदान हेतु शेष है। इस मामले को लेकर उप आयुक्त सहकारिता जांजगीर ने कंप्यूटर आपरेटर धान उपार्जन केंद्र सिवनी को नोटिश जारी करते हुये 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण उपार्जित धान का परिदान करना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। निर्देश का उलंघन करने पर कंप्यूटर आपरेटर के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत कठोर अनुशानात्मक कार्यवाही एवं समिति को नुकसान की वसूली की कार्यवाही करने की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के दौरान भी यहां शिकायतें सामने आई थी। किसानों से तौल में अधिक धान लेने की शिकायतें लगातार की गई। ऐसे में कलेक्टर ने भी केन्द्र का निरीक्षण किया था। अब धान खरीदी बंद होने के बाद परिदान को लेकर उप आयुक्त सहकारिता जांजगीर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

बुधवार को सरिया लदा वाहन फंसा, फाटक मरम्मत करने वाले कर्मचारियों ने धक्का देकर निकाला बाहर

# फाटक के बीच बने गड्ढे दे रहे हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सोंठी फाटक के बीचो-बीच कई जगह बने गड्ढे हादसे को आमंत्रण दे रहे है। फाटक खुलने के दौरान जल्दी निकलने के चक्कर में कई वाहनों के पहिये इन गड्ढे में फंस जा रहे हैं। साथ ही एक दूसरे से टकरा जा रहे है।

अड़भार-सक्ती मार्ग में ग्राम पंचायत सोंठी से होकर मुंबई हावड़ा रेल लाइन गुजरा है, जहां पर टेमर समपार के नाम से रेलवे क्रॉसिंग है। यहां पर देखने में आ रहा है कि फाटक के बीच में कई जगह खतरनाक गड्ढे बन गए हैं, जिसके कारण रेल फाटक खुलने के बाद दो पहिया, चार पहिया वाहनों के चक्के इन गड्ढे में फंस जा रहे हैं, जिसके कारण आपाधापी में रोज एक दूसरे वहांन से टकरा जा रहे हैं तो कई बार समान लगे वहान भी इन गड्ढे में फस जा रहे हैं, जिससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह अत्यंत व्यस्ततम रेल फाटक है। बावजूद रेल विभाग के अधिकारी फाटक के बीच बने इन गड्ढे को डामर या गिट्टी से भरने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। 8 अप्रैल बुधवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब सरिया लदा वाहन रेल फाटक के बीच गड्ढे के कारण रेल पहिया में फंस गया। फाटक का मरम्मत करने वाले कर्मचारियों की नजर इस पर पड़ी तो उनके द्वारा धक्का देकर बड़ी मुश्किल से वहान को गड्ढे से बाहर निकाला और उसके बाद फाटक पर कराया, अब देखने वाली बात होगी कि रेल विभाग के मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी इस पर कब तक ध्यान देते हैं या फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।



फाटक के बीच बने गड्ढे में फंसा सरिया लोड वाहन।

### फाटक में खड़ी रहतीं है मालगाड़ी, सरपंच ने कलेक्टर से लगाई फरियाद

**बहेराडीह।** चांपा रेल्वे स्टेशन में करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित कोसमंदा गांव से तीन रेल लाईन से लगातार मालगाड़ी और सवारी लोकल ट्रेन तथा सुपरफ़ास्ट ट्रेन हमेशा गुजरती है। यहां पर विगत दो साल से अंडरब्रिज का काम चल रहा है, जिसके कारण चांपा रेल्वे स्टेशन से करीब चार किलोमीटर पहले ही कोसमंदा गांव में एक नहीं बल्कि दो या तीन मालगाड़ी को खड़ा कई घंटो के लिए खड़े कर दिया जाता है। कोसमंदा समेत अंचल के दर्जनों गावों के लोगों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। लोगों की इस परेशनी से सरपंच संजय रत्नाकर कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया है और कोसमंदा गांव से पहले ट्रेन को खड़ा करने की मांग किया है। इससे पहले भी रेल्वे विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन कोसमंदा और अंचल के लोगों की समस्या को लेकर अभी तक विभाग द्वारा समस्या समाधान की दिशा में कोई रास्ता नहीं निकाला। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सत्तापक्ष के सांसद हैं. वहीं डॉ चरणदास महंत न सिर्फ क्षेत्र के विधायक हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता भी हैं। उन दोनों जनप्रतिनिधि को भी कोसमंदा और अंचल के ग्रामीणों ने अपनी इस दुखड़ा को अवगत करा चुके हैं, मगर ग्रामीणों की समस्या अभी भी जस के तस बनी हुई है। अब ग्रामीण बड़ी संख्या में रेल्वे विभाग के जोन अधिकारी बिलासपुर जाने की तैयारी कर रहें हैं।




WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ के किशन लाल ने 85 किलो बेंच प्रेस कर जीता स्वर्ण

**कोरबा।** नेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालको के एक दिव्यांग खिलाड़ी ने 85 किलोग्राम बेंच प्रेस कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ी ने कठिन परिस्थितियों में अभ्यास करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों और निजी संस्थाओं से सहयोग की अपील की है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली की नई कार्यकारिणी का गठन

**कोरबा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया है। यह सूची पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर के मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन के पश्चात ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने जारी किया है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नई टीम में अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का यथासंभव प्रयास किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि शीघ्र ही मंडल, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी गठित किया जावेगा। दर्री जमनीपाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के घोषित कार्यकारिणी में बैजनाथ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शशि साहु, संतोष ठाकुर, देवीदयाल तिवारी, सरस्वती कंवर, विनीत एक्का, मनीष सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री के पद पर अंतराम प्रजापति, आशीष इंदिरा नगर, ज्योति साहु, राम स्वरूप चौधरी, अनिल यादव, सत्येन्द्र ठाकुर, सीमा कुर्रे एवं इशरत खान जैसे सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है तथा सचिव के पद पर सफीक खान, तारा कंवर, ललिता गबेल, सुनीता निर्मलकर, कंचन राव, इंदिरा नवरंग, रोश कुमार, अशोक कंवर, होरी लाल भारिया तथा सुरेश राठौर को शामिल किया गया है।





### आरटीई में नहीं दिया दाखिला तो निजी स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई निजी विद्यालय प्रवेश देने से इंकार करता है या प्रक्रिया में व्यवधान डालता है, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में विद्यालय की मान्यता तक रद्द की जा सकती है। अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 अप्रैल 2010 से प्रभावी है। इसके तहत प्रदेश के गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर, दुर्बल वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों पर बच्चों को उनके निवास क्षेत्र के भीतर प्रवेश दिलाना अनिवार्य है। आरटीई के तहत निजी विद्यालयों को नर्सरी या कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है।

### बालको की पहल से मूंगफली बनी किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम

**कोरबा।** ग्रामीण इलाकों में खेती का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है। पहले किसान ज्यादा पानी वाली धान की खेती पर निर्भर थे लेकिन अब वे मूंगफली की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अपनी मोर जल मोर माटी योजना के जरिए 40 गांवों के 9000 से अधिक किसानों को सहयोग दे रही है। परियोजना के तहत जल प्रबंधन, आधुनिक खेती, पशुपालन, गैर-लकड़ी वन उत्पाद और किसान उत्पादक संगठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में बालको ने क्षेत्र के किसानों के बीच मूंगफली की खेती को एक लाभकारी विकल्प के रूप में प्रोत्साहित किया है।

जाँजगीर मार्केट
सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल, सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बड़ौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

# आईजी ने पुलिस लाइन में ली सलामी, बेहतर टर्न आउट के लिए जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेंज के आईजी अपने एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारी जो बेहतर टर्न आउट कर परेड में शामिल हुए थे उन्हें सम्मानित किया।

बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग वार्षिक निरीक्षण के लिए मंगलवार को कोरबा पहुंचे थे। जहां उन्होंने सुबह सबसे पहले रिस्दी रोड स्थित पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में परेड की सलामी ली और परेड की सलामी के उपरांत उन्होंने उपस्थित जवानों के टर्न आउट का निरीक्षण किया जहां बेहतर ड्रेस अप में उपस्थित लगभग 17 अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कार्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान आईजी श्री गर्ग ने थाना-चौकियों का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति, अभिलेखों के रखरखाव और लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए और आम जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाया जाए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, दर्री सीएसपी विमल पाठक सहित जिले के सभी थाना और चौकी के प्रभारी उपस्थित रहे।



### दरबार लगाकर जवानों की सुनी समस्या

वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस लाइन में निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अपना दरबार लगाया और दरबार में जवानों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान कई जवानों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इसके बाद आईजी ने उन्हें जल्द ही उनके समस्याओं का त्वरित निदान करने का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि दरबार में एक अनुकंपा नियुक्ति का मामला सामने आया था। मामला सामने आने के बाद आईजी श्री गर्ग ने मामले को तत्काल निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को निर्देशित किया है। इसके अलावा पीएफ की राशि सहित अन्य मामले सामने आए हैं जिसे जल्द ही त्वरित निदान करने का आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।



## नागरिकों की बैठक में लिया गया निर्णय

# रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर किया जाएगा चरणबद्ध प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल सुविधाओं के मामले में लगातार उपेक्षित कोरबा के लोग हक की लड़ाई के लिए अब एक मंच के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर लिए हैं। मंगलवार को श्री अग्रसेन भवन कोरबा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेल प्रशासन द्वारा कोरबा की उपेक्षा किए जाने को लेकर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि रेल सुविधाओं की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित जनों ने सुझाव दिये कि सर्वप्रथम कोरबा में रेलवे से जुड़ी समस्याओं की सूची बनाकर मंत्री, सांसद, विधायक एवं कलेक्टर को दी जाए और उनसे यह आग्रह किया जाए कि समस्याओं के निराकरण में वे अपने स्तर पर योगदान दें। इस हेतु जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल बनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। जो जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा। इस बैठक के बाद पूर्व की तरह कोरबा रेल विकास समिति के नेतृत्व में आगे की रणनीति बनाकर चरणबद्ध तरीके से प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित नगर के प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि किस तरह हम रेल प्रबंधन के खिलाफ एकजुट होकर अपनी मांगों को पूरा करा सकेंगे। सभी लोगों ने विभिन्न सामाजिक संगठनों, नगर के वरिष्ठ चिकित्सकगण, समाज सेवी संगठन, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों को अगली बैठक में शामिल किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई। रेल प्रशासन के समक्ष जिन मांगों को लेकर जाएंगे यह भी एक दो दिन में तय कर लिए जाएंगे। इसमें विशेष रूप से रेलवे की दिसंबर 2023 की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय को फॉलो करने, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को कोरबा तक लाने, दोपहर में बिलासपुर से कोरबा के लिए ट्रेन शुरू करने (विकल्प के रूप में बिलासपुर भोपाल को उस समय चलाया जा सकता है), रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री पर चल रही कोल साइडिंग को बंद करने समेत विभिन्न रूट की प्रस्तावित नई ट्रेनों को चलाने की मांग शामिल हैं। बैठक में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, जिला चेंबर ऑफ कामर्स एंड एंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन, अग्रवाल सभा कोरबा के महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल, कोरबा रेल विकास समिति के प्रमुख कमलेश यादव, राकेश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पूज्य सिंधी पंचायत से मुरलीधर माखीजा, रेल संघर्ष समिति से रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, नगर निगम के पूर्व सभापति हितानंद अग्रवाल के साथ ही प्रेम मदान, महेश अग्रवाल, कैलाश यादव, रफीक पारेख, बंगजीत सरकार, कन्हैया कलवानी उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य।

### 13 अप्रैल को होगी फिर बैठक

कोरबा रेल विकास समिति (सर्वदलीय मंच) के नेतृत्व में अगली बैठक 13 अप्रैल को होटल महाराजा टीपीनगर में शाम 5 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में आंदोलन का स्वरूप क्या होगा सर्व सम्मति से तय किया जाएगा। उस बैठक में शामिल होने वाले लोगों की संख्या तय करेगी। फिलहाल यह तय कर लिया गया है। पहली बार जिला प्रशासन के साथ बैठक करेंगे, जिसकी तिथि बाद में तय कर ली जाएगी। उसके बाद कोरबा रेलवे स्टेशन से विरोध प्रदर्शन की शुरुआत होगी। जिसमें मांगों का ज्ञापन संबंधित अधिकारी के माध्यम से मंडल व जोन मुख्यालय को भेजा जाएगा। साथ ही विरोध किस स्तर पर होगा यह भी तय किया जाएगा।

# राशन वितरण में गड़बड़ी, पटपरा पीडीएस दुकान का अनुबंध निरस्त, सुरक्षा राशि हुई राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पाली द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत पटपरा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन में गंभीर वित्तीय अनियमितता और खाद्यान्न गबन की पुष्टि होने पर संबंधित संचालक संस्था का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

जांच और गबन के खुलासे के संबंध में विस्तृत विवरण देते हुए एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पटपरा की उचित मूल्य दुकान, जिसका संचालन महिला जागृति स्व सहायता समूह भोड़कछार द्वारा किया जा रहा था, के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके पश्चात हल्का पटवारी द्वारा 30 मार्च 2026 को किए गए आकस्मिक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन में पाया गया कि वितरण पंजी में जनवरी 2026 माह हेतु कुल 562 राशनकार्ड धारियों के हस्ताक्षर और फिंगर प्रिंट ले लिए गए थे, किंतु जमीनी हकीकत में केवल 140 से 150 कार्डधारियों को ही चावल का वितरण हुआ था। शेष कार्डधारियों को चावल, शक्कर और चना का वितरण किए बिना ही रिकॉर्ड में फर्जी वितरण दिखाया गया था। संस्था द्वारा कारण बताओ नोटिस के जवाब में जनवरी माह का राशन वितरित न करने की बात स्वयं स्वीकार की गई है। इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए कठोर कार्रवाई की गई है। इसके तहत महिला जागृति स्व सहायता समूह का संचालन अनुबंध और अधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है और संस्था द्वारा जमा की गई संपूर्ण प्रतिभूति राशि को शासन के पक्ष में राजसात कर लिया गया है।

### दर्ज होगी एफआईआर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पाली द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान पटपरा में हुए खाद्यान्न गबन के मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत इस गबन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार तत्कालीन दुकान संचालक संस्था महिला जागृति स्व सहायता समूह भोड़कछार की अध्यक्ष श्रीमती कांति बाई, सचिव श्रीमती अनिता और विक्रेता रविन्द्र कुमार को नामजद किया गया है।

# एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन में तोडफ़ोड़ की। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद भी ट्रक को हटाया नहीं गया और एक बार फिर एक बाइक सवार खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसके बचने की संभावना कम है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर चक्का जाम कर दिया और जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

**खास बात**

- फिर से एक बाइक सवार हुआ दुर्घटना का शिकार, आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर रजपुरी कला के समीप एक सीमेंट लोड ट्रक को चालक द्वारा बेतरतीब तरीके से खड़ा किया गया था। एनएच पर उक्त स्थान पर पहले से ही अंधेरा था इसके साथ ट्रक में पार्किंग लाइट नहीं जल रही थी इसके साथ ही कोई भी संकेतक नहीं था। ऐसे में एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंधला निवासी 25 वर्षीय अरुण सिंह आ. परशुराम सिंह के रूप में की गई जो अंधला से अंबिकापुर की ओर अपने किसी रिस्तेदार के घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रजपुरी के समीप वह सीधे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का चक्का टूट गया और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर जमकर विरोध प्रदर्शन और हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ट्रक में जमकर पत्थर भी चलाए और तोड़फोड़ की। देर शाम 11 बजे हुई घटना के बाद घंटों मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। पुलिस के आश्वासन के बाद आंदोलन शांत हुआ था।



### बड़ी लापरवाही के कारण फिर खतरे में जान

बीती रात बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत के बाद बड़ी लापरवाही सामने आई। जिस ट्रक से टकराकर युवक की मौत हुई उसे घटना स्थल से हटाया नहीं गया और ना ही संकेतक या सुरक्षा के कोई उपाय किए गए। परिणाम यह हुआ कि मंगलवार की शाम एक अन्य बाइक सवार उसी ट्रक से टकरा गया। इस घटना में युवक के मौत की बात भी कही जा रही है लेकिन फिलाहल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है लेकिन उसकी हालत नाजुक है। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एक बार फिर से एनएच पर चक्का जाम कर दिया। लोगों द्वारा मामले में कार्रवाई और मुआवजा की मांग की जा रही है। सूचना के बाद थाना प्रभारी संपत पोटाई समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है और ग्रामीणों को समझाने प्रयास जारी था।

# रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान का गिरा छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार यहां एक मकान के ऊपरी हिस्से का छज्जा अचानक टूटकर नीचे गिर गया, जिससे नीचे निवास कर रहा परिवार बाल-बाल बच गया।

हालांकि इस घटना में परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बताया जा रहा हैं की छज्जा गिरने की घटना इतनी अचानक हुई कि नीचे मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। मलबा सीधे घर के सामने और अंदर तक फैल गया, जिससे घरेलू उपयोग का सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। भवनों का रखरखाव नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। निवासियों ने कई बार शिकायत की लेकिन जिम्मेदार विभागों ने ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने और जर्जर भवनों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



## अप्रैल महीने में भी विपणन विभाग नहीं कर सका, 7500 क्विंटल धान है जाम

# अभी भी 12 उपार्जन केंद्रों से नहीं हो सका शत प्रतिशत धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

15 नवंबर से जिले में शुरू हुई धान खरीदी का काम सरकार की नीति के तहत 31 जनवरी को यूं तो पूर्ण हो गया लेकिन फरवरी में प्रथम सप्ताह में दो दिन इसकी सीमा बढ़ाई गई। इसके बाद और कोई मौके नहीं दिए गए। जिले में 30 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी इस वर्ष हुई।


उठाव की समस्या अब भी बनी हुई है। प्रशासन के वे दावे इस मामले में फेल हो गए, जिनमें कहा गया था कि तय सीमा में शत-प्रतिशत धान का उठाव करा लिया जाएगा। वास्तविकता यह है कि अभी भी अखरापाली और कोरबी सहित 12 खरीदी केंद्रों में 7500 क्विंटल धान उठने की प्रतीक्षा कर रही है। जानकारी अनुसार अखरापाली में 61762.4 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसके विरूद्ध अभी भी 3840 क्विंटल धान का उठाव नहीं हो सका है। इसी तरह कोरबी पोड़ी उपरोड़ा में 1440 क्विंटल धान का उठाव बाकी है। यहां पर 71 हजार 137.4 क्विंटल की मात्रा उपार्जित हुई थी। पसान केंद्र में 43259.2 क्विंटल धान की खरीदी हुई और मौजूद स्थिति में 640 क्विंटल की मात्रा का उठाव नहीं हो सका है। छुरीकला में मौजूदा स्थिति में 280 क्विंटल, बेहरचुआं केंद्र में 210 क्विंटल, सिरमिना में 209.2 क्विंटल धान का उठाव लंबा समय गुजरने के बाद भी नहीं हो सका है। करतला समिति के केरवाद्वारी में 190 क्विंटल धान का उठाव कब होगा इसके लिए यहां के कर्मी प्रतीक्षा कर रहे हैं। श्यांग उपार्जन केंद्र में 160 क्विंटल, बोइदा में 138, मोरगा में 60, पोड़ी और नोनबिर्रा में 40-40 क्विंटल धान की मात्रा अभी भी राइस मिलर्स के लोगों के आने की प्रतीक्षा कर रही है कि वे वाहन के साथ यहां पहुंचे और धान को ले जाएं। समितियों की चिंता इस बात को लेकर है कि उठाव के मामले में विलंब होने से अंतिम मिलान से लेकर प्रोत्साहन राशि लटकेगी और ऐसे में खर्चों का भुगतान करना मुश्किल होगा।



**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
पृ. क्रं./373/वाचक/तह./2026
रा.प्र.क्र. / 202603063100034 / अ-6 / 25-26
ग्राम चेऊडीह प.ह.नं.-17
तहसील पामगढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक लवकुमार पिता रामनारायण ओंकार जाति सूर्यवंशी साकिन चेऊडीह तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम चेऊडीह में स्थित भूमि खसरा नंबर 16/7 रकबा 0.142 हे. भूमि छेदूराम पिता लैनदास के नाम पर दर्ज है। उक्त वादभूमि को छेदूराम पिता लैनदास द्वारा दिनांक 24.04.2023 को पंजीकृत वसीयत आवेदक के पक्ष में किया गया है। उक्त वादभूमि के वसीयत के बाद छेदूराम पिता लैनदास की मृत्यु दिनांक 15.02.2025 को हो गया है। आवेदक वसीयतकर्ता छेदूराम के पुत्र का पुत्र (पोता) है जो वसीयतकर्ता छेदूराम के सवा परवरिश एवं मरणोपरांत गतगंगा मृत्युभोज क्रियाकर्म आदि कराया है। वसीयतकर्ता छेदूराम का एकमात्र व अंतिम वसीयत है। वादभूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 15.04.26. के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 06.04.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
पामगढ़
जिला-जांजगीर-जांपा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार प्रकाशन / /**
क्रमांक / 155/ ना. तह. / वा. / 2026
शिवरीनारायण, दिनांक 25/03/2026
रा.प्र.क्र. 202602065300015 अ-27 वर्ष 2025-26
जारी दिनांक 30/03/2026, नियत दिनांक 17/04/2026
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202602065300015 अ-27 वर्ष 2025-26 आवेदिका प्रतिभा यादव वगैरह, जाति रावत, साकिन मिसदा, तहसील शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर चाम्पा, (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत की गई है कि उभयपक्षों के संयुक्त नाम पर दर्ज मौजा ग्राम मिसदा अवस्थित भूमि खसरा नंबर 178/1, 188, 492, 500, 502, 520/1, 545, 546/2, 705, 752/2, 924/2, 927, 930/1, 936, 1115/2, 1116, 1149, 1460, 1601, 1603, 1684/1, 1830/1, 1830/3, 1830/4, कुल खसरा नंबर 24 कुल रकबा 3.4500 हेक्टेयर भूमि सहखातेदारों के मध्य पूर्व में हुए आपसी बंटवारा के एवं कब्जा के अनुसार खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने आवेदन आर.डी.सीरिज में दर्ज कर दावा / आपत्ति आहूत की गई। नियत तिथि में अनावेदिकागण द्वारा खाता विभाजन पर आपत्ति प्रस्तुत करने से प्रकरण राजस्व न्यायालय में दर्ज कर प्रकरण प्रारंभ की गई। अनावेदिका क्र. 02 रामकुमारी की विधिक वारिसान अहिल्या, रमशिला, शांति पिता मुकुंदराम, उमाबाई पिता सियालाल उर्फ सियाराम जाति रावत साकिन- मिसदा तहसील शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर चाम्पा, (छ.ग.) सहखातेदारों के मध्य पूर्व में हुए आपसी बंटवारा के एवं कब्जा उभयपक्ष के मध्य खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 17/04/2026 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
शिवरानारायण

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।




## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था। मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।



**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय



**अकलतरा।** ब्राह्मण समाज अकलतरा द्वारा भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए राम कुटी मंदिर में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम सुबह 9 बजे परशुराम चौक पर भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई तथा सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और धार्मिक वातावरण के साथ आयोजन को भव्य रूप दिया जाएगा साथ ही श 18 अप्रैल दिन शनिवार को रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में मगन शर्मा, राम कीर्तन पांडे, महंत गिरिराज दास, अविनाश लाटा, राकेश शुक्ला, विनोद द्विवेदी, बसंत दुबे, ओमप्रकाश शर्मा, संतोष दुबे, प्रेमनारायण पाण्डेय, विकास आनंद शर्मा, चिराग शर्मा,आयुष शर्मा के साथ बड़ी संख्या में विप्र बन्धु उपस्थित रहे।

### महामाया अध्यात्म परिषद खरौद का मासिक सत्संग



**खरौद।** छत्तीसगढ़ की काशी एवं शबरी धाम खरौद में माह अप्रैल का सत्संग कार्यक्रम 5 अप्रैल को महामाया देवी के मंदिर में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला कीर्तन मंडली के सदस्यों ने भाग लिया। यहां 14 वर्षों से महामाया आध्यात्म परिषद खरौद के तत्वावधान में महीने के प्रथम रविवार को आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जाता है। सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों द्वारा मां महामाया की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भजन मंडली द्वारा बहुत ही मधुर स्वर से कई प्रकार के भजन गाए गए। हेमलाल यादव ने सत्संग की महिमा को बताते हुए कहा कि स्वर्ग और मोक्ष सुख भी सत्संग की बराबरी नहीं कर सकता। हम सबों द्वारा महिने में कम से कम दो बार सत्संग का लाभ अवश्य मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि माता शबरी का मंदिर केवल खरौद में ही है। खरौद पुण्य भूमि है इसलिए यहां किया गया प्रत्येक शुभ कार्य अनेक गुणा फल देता है। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि अन्य काम करने में दोष और त्रुटि हो सकता है किंतु भजन में ऐसा नहीं होता। कलयुग में केवल भजन और सत्संग ही मनुष्य के उद्धार का एकमात्र सरल साधन है। त्रेता युग तक दिए गए वचन की रक्षा के लिए अपने प्राण भी दे दिया करते थे किंतु अभी सबसे ज्यादा ह्रास सत्य का ही हुआ है। आज भी हमें सत्य की रक्षा अवश्य करनी चाहिए ऐसा न करने पर महान पाप लगता है। इस संदर्भ में उन्होंने महाराज विक्रमादित्य के सत्य रक्षा के प्रसंग का वर्णन किया। कार्यक्रम को चंद्रप्रभा यादव एवं नीलम यादव पार्षद ने भी संबोधित किया। सत्संग कार्यक्रम में सुमित्रा आदित्य, रमाबाई आदित्य, भूरी बाई आदित्य, श्यामा यादव, मदालसा यादव, भगवती साहू,फागुनी आदित्य,नर्मदा यादव, कावेरी यादव,कमला देवी यादव, सरहाराम आदित्य, सीताराम आदित्य,झंगलू राम आदित्य, रंगनाथ आदित्य, गणपति साहू, कृष्णा बाईआदित्य, पीतांबरी आदित्य, जानकीबाई, सावित्रीबाई, सर ही बाई, पीतरबाई, छठ बाई,भगवती यादव, छोटी बाई,रामकली,सूतबाई, दुलौरिनबाई,मंटोरा बाई, खीखबाई, गौरी यादव, श्याम कुमार आदित्य, निर्मला यादव, कुमारी यादव आदि उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मी के मौत के मामले में सरपंच को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**कोरबा।** मेडिकल अस्पताल में पदस्थ सफाई कर्मी के मौत के मामले में पुलिस ने सरपंच ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। ज्ञात रहे कि मेडिकल अस्पताल में पदस्थ सफाई कर्मी जी बाल चेन्य्या के साथ ग्राम बेंदरकोना का सरपंच ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जहां इलाज के दौरान जी बाल चेन्य्या की मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी सरपंच ग्राम बेंदरकोना पटेलपारा निवासी जयवीर सिंह तंवर उर्फ राजेश उम्र 31 वर्ष, पिता श्री हीरा सिंह तंवर के खिलाफ धारा 296, 115(2), 132, 121(1), 105 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधितों को दिए निर्देश

# ब्लैक स्पॉट मोड़ एवं संकेतक स्थलों का संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर संयुक्त टीम द्वारा बम्हनीडीह, बिर्रा एवं शिवरीनारायण क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय जैसे चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए जाने की बात कही गई।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार 8 अप्रैल को दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू, पीडब्ल्यूडी चांपा डिविजन के एसडीओ दिनेश धुर्वे, शिवरीनारायण क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर डी सी दिनकर तथा थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू, थाना प्रभारी बम्हनीडीह उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह के साथ मिलकर किया गया। निरीक्षण के दौरान बम्हनीडीह, बिर्रा एवं शिवरीनारायण के ऐसे क्षेत्रों का दौरा किया गया, जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं चुकी हैं और ऐसे स्थान जो ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार सहित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतकों की उपलब्धता, मोड़ एवं ब्लैक स्पॉट की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि तेज गति एवं यातायात नियमों का उल्लंघन, अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण, खराब रोड सोल्डर, दृश्यता बाधित करने वाले मोड़ एवं कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना को दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों के रूप में चिन्हित किया गया। संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय जैसे चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए जाने की बात कही गई। साथ ही उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को पत्राचार किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा। आम नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।



ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंची संयुक्त टीम।

# शिविर में 59 मरीज मिले मोतियाबिंद से पीड़ित, ऑपरेशन के लिए रायपुर रवाना

## 115 मरीजों की हुई आंखों की जांच, दी गई दवा एवं चश्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम नेत्र हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में पंचदेव परिसर अकलतरा में 12वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में कुल 115 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित 59 मरीजों को समिति की बस से ऑपरेशन हेतु रायपुर रवाना किया गया, जबकि अन्य मरीजों को आवश्यकतानुसार चश्मा एवं दवाइयां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में शिवरीनारायण से पवन सुल्तानिया, नारायण खंडेलिया एवं निरंजन अग्रवाल ने शिविर की सराहना की। नैला से राजेंद्र अग्रवाल ने इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए समिति के कार्यों की प्रशंसा की। मरीजों के ऑपरेशन, दवाइयों, चश्मा एवं आवागमन का व्यय विद्या हरिश केडिया, बिलासपुर द्वारा वहन किया गया एवं भोजन की व्यवस्था स्व. डॉ. काशीराम अग्रवाल की स्मृति में नवल अग्रवाल, जुगल अग्रवाल एवं कमल अग्रवाल द्वारा की गई। शिविर के आयोजन में रायपुर स्थित एमजीएम हॉस्पिटल की ओर से संयोजक रमेश कुलदीप, डॉक्टर रिचा मतानी एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। समिति की ओर से राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारीआर के पांडे एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव के निर्देश पर एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का सहयोग रहा। शिविर में डॉ. हरिकृष्ण अग्रवाल, महेश राठी, नवल अग्रवाल, सुरेश मुकीम, छेदीलाल शर्मा एवं सुशील गुप्ता ने चिकित्सकीय टीम का स्वागत कर पूर्व पंजीकृत मरीजों की क्रमवार जांच सुनिश्चित कराई। एनएसएस के छात्र-छात्राओं के सहयोग को देखते हुए संयोजक प्रकाश केडिया द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन महेश राठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, ईश्वर खंडेलिया, राजकुमार पांडे, श्याम अग्रवाल एवं उषा अग्रवाल, मनोज भारती सहित नागरिक उपस्थित रहे।



शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।



# भाजपा युवा मोर्चा ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल चांपा एवं बूथ क्रमांक 48 व 70 के तत्वावधान में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

- **ध्वजारोहण, महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि व मिष्ठान वितरण के साथ दोहराया सेवा का संकल्प**

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भाजपा का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के संस्थापक युगपुरुष दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात मिष्ठान वितरण कर पार्टी के स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गईं। वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा, रीति-नीति और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार पार्टी ने दो सीटों से अपनी यात्रा शुरू कर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव प्राप्त किया। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" और "अंत्योदय" के संकल्प के साथ देश सेवा को सर्वोपरि कर्तव्य बताया गया।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, भाजपा महामंत्री गोपीचंद बरेठ, नंदकुमार देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र ताम्रकार, स्थापना दिवस संयोजक सुभाष शर्मा, बुनकर प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संजय देवांगन, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश मोदी, बूथ अध्यक्ष पवन देवांगन, ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष बजरंग देवांगन, संतोष देवांगन सहित महामंत्री प्रदीप यादव, नवीन सोनी, ईश्वर प्रसाद कुमार, शैलेंद्र देवांगन, सुधीर सोनी, मनोज देवांगन, आकाश भोजवानी, दीपक देवांगन, नंद देवांगन, रिंकू वैष्णव, धर्मेंद्र देवांगन, जयदीप देवांगन, ननकी देवांगन, वेणु देवांगन, सोमू कुम्हार सहित भाजपा व युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, कार्यकर्ता बंधु एवं भगिनी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देश सेवा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने आज रवाना होगी पर्वतारोही अमिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की युवा पर्वतारोही अमिता श्रीवास विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराएंगी। वे इसके लिए गुरुवार 9 अप्रैल को काठमांडू के लिए रवाना होगी।

- **जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन करने का लिया संकल्प, कलेक्टर ने जिले की बेटी का बढ़ाया हौसला**

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने एवरेस्ट फतह करने के लिए जिले की बेटी का हौसलाबढ़ाया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले की युवा पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास को उनके आगामी माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 9 अप्रैल को अमिता श्रीवास विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने के संकल्प के साथ काठमांडू के लिए रवाना होंगी। यह अभियान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है।



पर्वतारोही अमिता श्रीवास को गुलदस्ता भेंटकर हौसला बढ़ाते कलेक्टर जनमेजय महोबे।

इसी क्रम में जांजगीर-चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे से भेंट के दौरान अमिता श्रीवास ने एवरेस्ट फतह कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने का संकल्प दोहराया तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त तिरंगे को शिखर पर फहराने की बात कही। कलेक्टर श्री महोबे ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अभियान प्रदेश सहित पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि अमिता श्रीवास अपने इस मिशन के माध्यम से "स्वच्छता ही सेवा" एवं "स्वच्छ भारत मिशन" के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने में योगदान देंगी। सुश्री अमिता श्रीवास ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माउंट किलिमंजारो को फतह किया था। इस दौरान एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल उपस्थित थे।

# गौचर भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर के आश्रित ग्राम दर्रीटॉड में गौचर भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए अवैध कब्जा हटाने एवं सीमांकन कराने की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि कोटमी सोनार मार्ग स्थित गौठान के पास स्थित गौचर भूमि पर गांव के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा मकान एवं दुकान का निर्माण कर उसे अन्य लोगों को बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह भूमि विवादित है और लगभग दो वर्ष पूर्व अकलतरा तहसीलदार द्वारा यहां से अवैध कब्जा हटाया भी गया था, लेकिन पुनः अतिक्रमण कर लिया गया है।

ज्ञापन में आशाराम लहरे (सरपंच प्रतिनिधि), बलीराम यादव (उपसरपंच पति), जयंती (पंच), गजानंद कैवर्त्य, गणेश साहू एवं भुजबल यादव सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाए गए हैं।ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त गौचर भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, साथ ही ग्राम दर्रीटॉड एवं कल्याणपुर के बीच भूमि का सीमांकन कर स्पष्ट सीमा निर्धारित की जाए। इसके अलावा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने वालों में सेवक नायक, सुरेश नायक, गोरखा नायक, विश्राम नायक, दयाराम, रामनाथ यादव, गोपाल यादव, रामकुमार नेताम, हीरालाल, लोचन नायक, सुखीराम, संत नायक, श्रवण नायक, संत श्रीवास, आनंद नायक, छोटे लाल नायक, योगेंद्र नायक, बसंत नायक, संतोष नायक, तुलसी नायक, रामभरोष यादव, संतोष दास (कोटवार), धनु नायक, भजनलाल, श्यामलाल यादव एवं खेमसिंह नायक सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।




ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

# देवरमाल में 10 लाख से अधिक की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम पंचायत देवरमाल में विकास कार्यों को गति देते हुए दो प्रमुख सीसी रोड निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य राजा धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र अग्निहोत्री और सरपंच योगेंद्र साहू ने की।इस दौरान कुल 10.50 लाख रुपये की लागत वाले दो सड़क निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। जिसमें लिखू केवट के घर से सेतराम चपरासी के घर तक 6.50 लाख रुपये और बिहारी सिदार के घर से श्याम लाल कुम्हार के घर तक 4 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा।इस अवसर पर उपसरपंच श्रीमती जमुना कौशल सिदार, पंच इतवारी, अनुज जायसवाल, नरेश सिदार, जलंधर सिदार, रामदीन सिदार सहित पूर्व सरपंच नारायण जायसवाल और पूर्व मंडल अध्यक्ष लेख राम जायसवाल, सूरज सोना, अजय सिदार, रतिराम सिदार प्रमुख रूप से मौजूद रहे । इस अवसर पर दर्शन सिदार, सुरती सिदार, राजेन्द्र सिदार, मंगल सिंह, शंकर लाल, सूरज सिंह, लोक नाथ खूंटे, दिलेश्वर साहू, भूपेन्द्र साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन करते अतिथि।


विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना ही स्वास्थ्य दिवस मनाने का मूल उद्देश्य : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान आम लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

मंगलवार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ए.डी.आर. भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयदीप गर्ग प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप जलाकर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप गर्ग नेउपस्थित लोगों को स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्य एवं महत्व बताते हुए स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहे के तहत स्वस्थ समाज के निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर प्रतिदिन व्यायाम करने व अपने आसपास वातावरण को स्वच्छ रखकर सभी लोगों में स्वास्थ्य व अन्य विभागों के समस्त योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने कहा। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज कच्छप द्वारा सभी लोगों को अपने जीवन शैली में स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और मानसिक तनाव कम करने की बात कही। साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्य, नालसा के स्वास्थ्य संबंधी समस्त योजनाओं का जानकारी देते हुए मंच संचालन किया। शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी लोगों का बीपी, शुगर, ब्लड, ईसीजी, कान ,गला , नाक व ओं योर जनरल चेकअप के बाद दवाई वितरण किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, डॉ. आलोकनाथ मंगलम, डॉ. राजेश वस्त्रकर, डॉ. दिव्य प्रकाश देवांगन, डॉ. राज दिवाकर, सूडान कुमार, गायत्री, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, विधि छात्र छात्रा, न्यायालय में आए हुए पक्षकार शामिल हुए। आभार प्रदर्शन प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर अंजू कंवर ने किया।




शिविर में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपचार करते लोग।

